an>

Title: Regarding scarcity of urea in Parliamentary Constituency of Baitul.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र बैतूल एवं हरदा जिले में अचानक यूरिया खाद की कमी हो जाने के कारण किसान काफी चिंतित हैं। फसलों की बुआई के बाद उन्हें यूरिया खाद की अति आवश्यकता है। इफको और एनएफएल के द्वारा आज सरकारी सोसाइटी द्वारा मात्र तीस प्रतिशत खाद की आपूर्ति की जा रही है, जबकि अन्य प्राइवेट सेल्स की दुकानों से 70 प्रतिशत खाद की आपूर्ति की जाती है। आज असमानतायें किसानों को देखनी पड़ रही हैं, तो आपके माध्यम से मेरा सदन से यही आग्रह है कि केन्द्र सरकार के द्वारा इस सरकारी सोसाइटी में तीस प्रतिशत की बजाए साठ प्रतिशत खाद की आपूर्ति की जाए, ताकि किसानों को शीघ्रातिशीघ्र खाद की आपूर्ति हो सके।